तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/07/24	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थी द्वारा उक्त प्रार्थना–पत्र माननीय न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी, बीकानेर के निर्णय दिनांक 18.02.2020 द्वारा अपीलाधीन आदेश दिनांक 28.09.2012 निरस्त किया जाकर प्रकरण इस निर्देश के साथ रिमाण्ड किया गया कि वादग्रस्त भूमि के मूल आवंटी शकुर खां पुत्र रूकनदीन खां के वारिसान की जांच करते हुए सही पाये जाने पर संशोधन आवंटन आदेश जारी करने का आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश की पालना में प्रार्थना–पत्र प्रार्थी दर्ज रजिस्टर किया जाकर वास्ते सुनवाई एवं वारिसान की जांच नियत किया गया। प्रकरण में वारिसान की जांच रिपोर्ट उपरान्त बहस सुनी गयी। पत्रावली का अवलोकन किया। माननीय न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी, बीकानेर द्वारा अपास्त मूल आदेश दिनांक 28.09.2012 का अवलोकन किया। उक्त आदेश न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीकानेर की आवंटन शाखा से संबंधित है। अतः पत्रावली के सार्थक निस्तारण हेतु प्रार्थना–पत्र प्रार्थी, जांच रिपोर्ट एवं आदेश माननीय न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी बीकानेर संबंधित शाखा में स्थानांतरित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी आवंटन शाखा को स्थानान्तरित किया जाता है। प्रार्थना–पत्र की संपूर्ण प्रतिलिपि हमराह आदेश की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी बीकानेर उपखण्ड अधिकारी बीकानेर	